अकवान तूफान की लगातार बारिश से गांव-कस्बों में धान और सब्जी की फसलें खराब होने की चिंता से किसान हो रहे हैं परेशान

खेतों में जलजमाव से कटनी-मिसाई प्रभावित

ग्राउंड रिपोर्ट

रांची, हिन्दुस्तान टीम। चक्रवात अकवान के प्रभाव से रांची जिले में लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में धान की फसल पककर तैयार है और कई इलाकों में कटनी का काम चल रहा है। ऐसे समय में बारिश होने से कटाई, मिसाई और फसल को सुरक्षित रखने का काम प्रभावित हो गया है। कई जगह खेतों में पानी जमा हो गया है, जबकि तेज हवा के कारण धान के पौधे जमीन पर गिर गए हैं। कटाई के बाद खेतों में सुखाने के लिए रखी गई धान की फसल भी भीग रही है। इससे धान में अंकुर निकलने और फसल के सड़ने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, मटर, बीन, मिर्च, टमाटर, आलू और अन्य सब्जियों की खेती पर भी मौसम की मार पड़ने की आशंका है। किसानों को फसल के साथ आमदनी घटने की चिंता सता रही है।

मांडर में कटाई प्रभावित, सब्जियों के भाव गिरे: मांडर क्षेत्र में लगातार बारिश से धान की कटाई और तैयारी का काम प्रभावित हुआ है। कई किसान कटाई की तैयारी में थे, जबकि कुछ किसानों ने कटाई के बाद धान को खेतों में सुखाने के लिए छोड़ रखा था। खेतों में पानी जमा होने से फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है। मटर, बीन, टमाटर, आलू सहित अन्य सब्जियों की खेती पर भी मौसम का असर पड़ रहा है। दूसरी ओर, सब्जियों के बाजार भाव में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। व्यापारियों के अनुसार, ओडिशा और बंगाल में तूफान के कारण सब्जियों की ढुलाई प्रभावित हुई है।

गाड़ियों से सब्जियों की आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण स्थानीय बाजार में कीमतें घट गई हैं। गुरुवार को थोक बाजार में सब्जियां 40 रुपये प्रति किलो तक बिक रही थीं, जबकि शुक्रवार को इनकी कीमत घटकर 25 से 30 रुपये प्रति किलो रह गई। कई सब्जियों के भाव में 10 से 15 रुपये प्रति किलो तक की गिरावट आई है।



इटकी के खेतों में शुक्रवार को कटाई के बाद रखी धान की फसल। ● हिन्दुस्तान

बेड़ो में तिरपाल से ढंक रहे धान की फसल: बेड़ो प्रखंड के गांवों में शुक्रवार सुबह से बारिश शुरू हुई, जो शाम तक जारी रही। इससे निचले खेतों में जलजमाव की स्थिति बन गई। किसानों को आशंका है कि कटाई के बाद खेतों में दवनी के लिए रखी धान की फसल भीगती रही तो उसमें अंकुर निकलने लगेंगे। पानी में डूबी फसल के सड़ने का भी खतरा है। हालांकि, शुक्रवार शाम तक क्षेत्र में भारी बारिश नहीं हुई थी। किसानों का कहना है कि रात में तेज हवा के साथ भारी बारिश हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। फसल को बचाने के लिए कई किसान कटाई के बाद खेतों में रखे धान को तिरपाल से ढंक रहे हैं।

इटकी में अब तक 30 प्रतिशत हुई है धान की कटनी

इटकी प्रखंड में शुक्रवार को चक्रवात के प्रभाव से दिनभर बारिश होती रही। इससे खेत-खलिहान के साथ गृहस्थी के कामकाज भी प्रभावित हुए। बारिश और तेज हवा के कारण कई जगह धान के पौधे गिर गए हैं। ऊपरी खेतों में कटाई के बाद रखी धान की फसल पानी से भीग गई है, जबकि निचले खेतों में खड़ी फसल पानी में डूब गई है। किसानों के अनुसार, धान के साथ मडुआ की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, क्षेत्र में हरी सब्जियों की फसल को फिलहाल नुकसान की सूचना नहीं है। इटकी प्रखंड में करीब 1860.46 हेक्टेयर में धान की खेती की गई है। इस बार धान की अच्छी पैदावार हुई है, लेकिन अब तक किसान केवल 30 प्रतिशत फसल की कटनी कर पाए हैं। किसान खेतों में जमा पानी सूखने के बाद कटाई और मिसाई के काम में तेजी लाना चाहते थे। लगातार बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के अंतिम समय में नुकसान हुआ तो इसका असर किसानों के साथ व्यापार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।

सोनाहातू और राहे में धान के साथ सब्जियों को भी नुकसान

सोनाहातू/राहे, प्रतिनिधि। सोनाहातू और राहे प्रखंड में भी अकवान तूफान की बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। सोनाहातू के चोगा गांव में किसानों के पांच एकड़ से अधिक खेतों में लगी मिर्च, बीन, खीरा, आलू और धान की फसल प्रभावित हुई है। किसान जितेंद्र कोइरी ने बताया कि दर्जनों किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। एड़रमहातू गांव में तेज हवा के कारण धान के पौधे जमीन पर गिर गए हैं। किसान क्षेत्रपाल कोइरी ने बताया कि पूरे गांव में धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। पौधे जमीन पर गिरने के बाद उनमें अंकुर निकलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, चोगा, एड़रमहातू, तेतला और जाडेया गांवों में बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती होती है। मिर्च की रोपाई का समय है, लेकिन बारिश से पौधों के सड़ने की आशंका है। नेनुआ, झींगी, टमाटर और बीन-खीरा की फसल भी प्रभावित हुई है। किसान जितेंद्र कोइरी, भरत कोइरी और सदानंद कोइरी ने बताया कि सब्जियों की खेती में काफी पूंजी लगाई गई थी। अच्छी आमदनी की उम्मीद थी, लेकिन बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

अनगड़ा में धान और आलू पर मंडराया खतरा: अनगड़ा में भी चक्रवात के प्रभाव से हो रही बारिश के कारण धान और आलू की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रखंड के उद्यान मित्र दूतीलाल बेदिया ने बताया कि धान की फसल पककर तैयार है। लगातार बारिश से फसल भीगकर सड़ सकती है। बारिश और कुहासे से आलू की फसल को भी नुकसान हो सकता है। मौसम का यही हाल रहा तो गोभी और टमाटर की फसल भी प्रभावित होगी। ग्राफ्टेड टमाटर बारिश का पानी सोखकर भारी हो जाएंगे और जमीन पर गिरकर खराब हो सकते हैं।

एकजुटता का प्रतीक है जतरा खूंटा : तिवारी

आयोजन

- चलियो गांव में जतरा खूंटा का उद्घाटन
- युवकों को अपनी परंपरा से जुड़ने का संदेश

चान्हो, प्रतिनिधि। प्रखंड की रोल पंचायत के चलियो गांव में आयोजित जतरा के दौरान जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने जिला परिषद मद से निर्मित जतरा खूंटा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। चोरेया रोड से जतरा स्थल तक उन्हें समारोहपूर्वक पहुंचाया गया।

परंपरा और संस्कृति से जुड़ने का संदेश: उद्घाटन के बाद आशुतोष तिवारी ने कहा कि जतरा खूंटा आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और सामूहिक एकजुटता का प्रतीक है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपरा, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

दस गांवों की खोड़हा मंडलियां हुईं शामिल: जतरा खूंटा के उद्घाटन मौके पर बाइस पड़हा जतरा के अध्यक्ष सोनू उरांव, मुखिया चम्पा उरांव, प्रधान मतिया पाहन, करमु महतो, एहसान अंसारी, जितेंद्र मुंडा, जितेंद्र उरांव, दुखी उरांव, कयूम अंसारी, हसबुल अंसारी और मुन्ना पांडेय सहित दस गांवों की खोड़हा मंडलियों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पेयजलापूर्ति योजनाओं का नियमित संचालन हो : योगेंद्र

रांची/गुमला, हिन्दुस्तान टीम। पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को गुमला पहुंचे। उन्होंने भरनो, सिसई और बसिया प्रखंड में जल जीवन मिशन (जेजेएम) एवं एसवीएस के तहत संचालित पेयजलापूर्ति योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई योजनाएं बंद मिलीं। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

मंत्री ने बंद पड़ी योजनाओं को तत्काल दुरुस्त कर चालू करने और अधूरे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और इस्तेमाल की गई सामग्री की जांच की।

योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही, अनियमितता और गुणवत्ताहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। योजना का निर्माण ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका नियमित संचालन भी जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने और लापरवाही मिलने पर संबंधित संवेदकों एवं एजेंसियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर विभागीय पदाधिकारी, अभियंता, संवेदक और कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



गुमला में शुक्रवार को जल जीवन मिशन एवं एसवीएस के तहत संचालित पेयजलापूर्ति योजनाओं का निरीक्षण के बाद लोगों को दिर्देश देते मंत्री योगेंद्र प्रसाद। ● हिन्दुस्तान

पास्ता बनाने के विवाद में पति ने ली थी पत्नी की जान

अनगड़ा। राजाडेरा में 22 वर्षीय विवाहिता जुली कुमारी की मौत के मामले में पुलिस पूछताछ के दौरान हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, पति मोतीलाल महतो ने अकेले ही उसकी हत्या की थी।

आरोपी ने बताया कि बुधवार शाम पास्ता बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद गुस्से में उसने जुली की पिटाई की और गला दबाकर मार डाला। इसके बाद घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया।

शुक्रवार को आरोपी पति को जेल भेज दिया गया। जुली की मां सुमित्रा देवी के बयान पर पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को शव के अंतिम संस्कार को लेकर दिनभर हंगामा हुआ। इसके बाद रात नौ बजे घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर अंतिम संस्कार किया गया।

बैठक में शोध की गुणवत्ता पर हुआ विचार-विमर्श

अनगड़ा। उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, अनगड़ा में अनुसंधान परिषद की 11वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय में संचालित अनुसंधान गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही अनुसंधान तंत्र को और सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई।

बैठक में वर्ष 2026 के पीएचडी शोधार्थियों के प्रवेश और कोर्सवर्क की प्रगति, शोध पर्यवेक्षकों एवं शोधार्थियों की वर्तमान स्थिति तथा समर्पित रिसर्च कैडर के गठन के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय में अनुसंधान की गुणवत्ता, उत्पादकता और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई।

आसपास 30S



ठाकुरगांव स्थित जतरा खूटा में शुक्रवार को पूजा-अर्चना करते पाहन व अन्य।

बरौदी में ऐतिहासिक देवठान मेला आज

ठाकुरगांव। बूढ़मू के बरौदी गांव में 21 नवंबर को लगनेवाले ऐतिहासिक देवठान मेले की तैयारी पूरी हो गई है। शुक्रवार को 12 पड़हा समिति के पाहन मकुंद पाहन ने जतरा खूंटा की पूजा कर शुभारंभ किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी और मुखिया दशरथ उरांव मौजूद थे। मेले में हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना है। शनिवार को ठाकुरगांव-पिठोरिया मार्ग पर बड़े और चारपहिया वाहन बंद रहेंगे। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने अशांति फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

घर से 8 लाख के जेवरात और नकदी गायब

रातू। रातू के धनाई सोसो चटकपुर में शुक्रवार सुबह मकान मालकिन पिंकी देवी के घर से करीब आठ लाख के सोने-चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपये नकद गायब मिले। गायब सामान में 15 जोड़ी चांदी की पायल, नथिया, कमरधनी, मंगलसूत्र, मांगटीका, हनुमान जी का लॉकेट और अंगूठी शामिल हैं। पिंकी देवी ने किरायेदार सुमन कुमारी पर शक जताते हुए पति ओम प्रकाश कुमार का भी जिक्र किया है। उन्होंने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस जांच कर रही है।

शिक्षक के घर से चार हजार रुपये की चोरी

तमाड़। मेन रोड बंगाली मोहल्ला निवासी शिक्षक अनिल रुज मोदक और आंगनबाड़ी सेविका अंजली रुज मोदक के घर में गुरुवार मध्यरात्रि चोरों ने करीब चार हजार रुपये नकद चुरा लिए। अंजली की नींद खुली तो उन्होंने आंगन में चोर को देखकर शोर मचाया। इसके बाद चोर साबड़ और ताला काटने वाला छड़ छोड़कर फरार हो गया। अंजली ने थाने में सूचना दी।

सात लाभुकों के आवासों में कराया गया गृह प्रवेश

राहे। प्रखंड क्षेत्र की सताकी, दोकाद और बसंतपुर पंचायत में अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के सात लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। लाभुकों में सताकी पंचायत की रासो देवी और धर्मेंद्र मुंडा, दोकाद पंचायत की रेशमी देवी और ललिता देवी तथा बसंतपुर पंचायत की पद्मा देवी, नारायण अहीर और सरिता देवी शामिल हैं। गृह प्रवेश कार्यक्रम में मुखिया पांडु राम मुंडा आदि मौजूद थे।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, चालक गंभीर

ओरमांझी। रांची-पटना उच्च पथ पर भेड़ा पुल के पास बुधवार देर रात कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक सह मालिक मधुकर रंजन (32) घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें मेदांता से रिम्स भेजा। रामगढ़ निवासी मधुकर रांची आ रहे थे। शिशु विद्या मंदिर के पास भी सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसका इलाज रिम्स में चल रहा है। दोनों घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

डालसा ने बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

रातू। डालसा, रांची की ओर से पंडरा, रवि स्टील और रातू चट्टी में जागरुकता अभियान चलाया गया। पीएलवी पुष्पलता देवी, पूनम देवी और सुनीता देवी ने बाल विवाह, बाल श्रम, तस्करी, दहेज प्रथा और पारिवारिक हिंसा के प्रति जागरूक किया। सुजिता देवी और प्रीतम सक्सेना ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को 12 दिसंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गई।

कोर्ट नोटिस

ब-अदालत :-
मिस जेनिश मिंज, एडिसनल सिविल जज, जुनियर डिविजन III, रांची।
इजराय वाद सं.-02/2026
शाहीना परवीन ..... डीक्री होल्डर।
बनाम्
सायरा खातुन वगैरह ..... डीकी डेबटर।
नोटिश बनाम्
(1) सायरा खातुन पति स्व. मों. एनामुल उर्फ कल्लू, (2) मों. रिन्कू पिता स्व. मों. एनामुल उर्फ कल्लू, (3) लाड़ली पिता स्व. मों. एनामुल उर्फ कल्लू, (4) मोहम्मद सोहैल पिता स्व. मों. अजीम एवं (5) मोहम्मद सोएब पिता स्व. मो. अजीम सभी निवास स्थान फतेउल्लाह रोड़, थाना-लोअर बाजार, जिला रांची, झारखण्ड।
बजरिये इस नोटिश के माध्यम आप सभी को सूचित किया जाता है कि उपर लिखित वादी ने यह उपरोक्त इजराय वाद 02/2026 आप लोगों के विरूद्ध दायर किया है आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 26.11.2026 को 10.30 बजे सुबह स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों अन्यथा आप लोगों के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने (अनुपस्थित रहने) के उपरान्त बाद की कार्यवाही एकपक्षीय सुनिश्चित की जाएगी।
इस ताकिद जाने।
न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 20.11.2026 को जारी किया गया।
ह0/- जुनियर डिविजन III, रांची।

पूर्व मध्य रेल

(निर्माण विभाग)
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्र. सं. 1, **ई-निविदा सं०:** पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईपीसी -10-26-27, **कार्य का नाम:** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (EPC) के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में PVUNL की बनहरदीह कैप्टिव माइन हेतु चेतर स्टेशन से बनहरदीह तक नई बड़ी लाइन (B.G.) के निर्माण का कार्य, जिसमें 32.5 टन DFC मानक लोडिंग के अनुरूप मिट्टी का कार्य, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुल, बड़े पुल, रोड ओवर ब्रिज (ROB), लिमिटेड हाइट सबवे (LHS)/रोड अंडर ब्रिज (RUB), ट्रैक कार्य, प्लेटफॉर्म कार्य, स्टेशन भवन, अन्य भवन तथा उनसे संबंधित विविध कार्य शामिल हैं।, **अंकलित मूल्य (रू):** 3132002484.91, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू):** 0.00, **अग्रधन राशि (रू):** 62640100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 548 दिन, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 16.03.2027 15:30 बजे।
सी ई-निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा । उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।
कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ **IREPS** वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पीआर/1362/सीओएन/एस/एमएचएस/पटना/सीओएनएसटी/टी/26-27/52

आदेश

राष्ट्रीय उच्च पथ सं०-143 AG में लोहरदग्गा-भंडरा-बेड़ों-कर्रा-खूँटी-तमाड़ पथ परियोजनान्तर्गत मुआवजा भुगतान से संबंधित धारा-3(G) का नोटिस वितरण एवं आवेदन प्राप्त करने हेतु निम्नवत् कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है :-

क्र० सं०	प्रतिनियुक्ति कर्मियों का नाम एवं पदनाम	संबंधित मौजा का नाम	अंचल का नाम	तिथि/समय	निर्धारित स्थल
01	श्री पंकज कुमार सिन्हा, कानूनगो, श्री उत्तम नायक, अमीन, श्री ओम प्रकाष गोप, अमीन, जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची	ताबेरखुर्द, सरसा, देवगाँव, नवाटोली, ददगो, दरंदा	लापुंग	26.11.2026 12:00 बजे अपराह्न	अंचल कार्यालय, लापुंग, राँची।
02		खुखरा, तुको, दिधिया, करांजी, बारीडीह, बेड़ो, हरिहरपुर जामटोली, हरहंजी, हुटार	बेड़ों	27.11.2026 12:00 बजे अपराह्न	अंचल कार्यालय, बेड़ों, राँची।

उपरोक्त प्रतिनियुक्ति कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय स्थल पर उपस्थित होकर धारा-3(G) का नोटिस तामिला करते हुए आवेदन फॉर्म प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची

झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401
दूरभाष: (06541) 253924 इमेल-chatrajepc@ymail.com

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जिले के संचालित 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में Installation of Chapati Maker Machine, Dough Ball Cutting Machine ,oa Dough Kneader Machine का आपूर्ति/अधिष्ठापन हेतु अति अल्पकालीन निविदा का प्रकाशन किया गया है। उक्त प्रकाशित निविदा निविदा प्रपत्र झा.शि.प., चतरा कार्यालय अवधि में दिनांक 26.11.2026 को अपराह्न 03 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है एवं दिनांक 27.11.2026 को अपराह्न 04 बजे तक झा.शि.प.,कार्यालय चतरा में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा दिनांक 30.11.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे निविदा समिति के समक्ष जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा में खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी जिले अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झा०शि०प०,चतरा

PR 394259 Jharkhand Education Project Council(26-27) D"

e-Procurement Cell
JHARKHAND STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD., RANCHI

Very-Short Term e-Procurement Notice

Date-20-11-2026

Sl. No	Tender Reference No.	Work Name	Amount in (Rs)	Completion Time
1	JSBCCL/68/ 2026-27	Proposed Furnishing work of offices located at Ground Floor, 1st Floor and 9th Floor in Premium Suit Building, JUPMI Campus, Ranchi Smart City for Jharkhand Employees Grievance Tribunal, Jharkhand State Level Fee Regulation Committee and Jharkhand State Coaching Centre Regulation Authority under Higher and Technical Education Department, Jharkhand	5,42,92,910.00	06 Months
2	JSBCCL/69/ 2026-27	Proposed Furnishing work of Jharkhand State University Service Commission office(JSUSC) located at Ground Floor, Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA) Bhawan, Namkum Industrial Area, Ranchi	3,78,07,373.00	06 Months
3	JSBCCL/70/ 2026-27	Supply Installation and Commissioning of Furniture, Computer, Networking of Model Degree (Women's) College Sarath, Deoghar	2,98,78,912.00	06 Months

4	Date of Publication of Tender on Website	27-11-2026 at 11:00 AM
5	Start Date of Submission of Bids	27-11-2026 at 11:00 AM
6	Last Date/Time of Submission of Bids	17-12-2026 at 05:00 PM
7	Date/Time of opening of Bid	18-12-2026 at 05:00 PM
8	Name & Address of office Inviting tender	e-Procurement Cell,Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi.
9	Helpline Number of e-procurement Cell	0651-2446259
10	e-mail ID	jsbccljharkhand@gmail.com

Note:- Cost of bidding document for a non-refundable fee & Bid Security (EMD) shall be payable online through http:// Jharkhandtenders.gov.in.
Any change can be seen on Website **http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
Any other information can be seen on **http:// Jharkhandtenders.gov.in.**

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi

PR 394295 Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.(26-27).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना -66/2026-27

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय: 28.11.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 30.11.2026 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 30.11.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

क्र0	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Repair of seepage of roof slab through Water proofing of Roof slab and providing steel structure shed in courtyard of Office, repairing of toilet and changing of fittings in the campus of circle office D.W. & S Ranchi, Circle Ranchi.	1060207.00	21300.00	2500.00	30 Days
2	Repair and Painting work of Office Building and Boundary Wall of the Suprintending Engineer, D.W. & S Ranchi Circle Ranchi.	2388477.00	47800.00	5000.00	30 Days
3	Special repair and renovation of section office, Toilet, Improvement of W/S sanitary fittings, Sewerage work, Construction of one no.of toilet and other Misc.Work at Divisional store campus (Lakra Godown) Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.	2405247.00	48200.00	5000.00	30 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची

PR 394277 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
बैंक ऑफ बड़ौदा, बिरसा चौक शाखा: पोस्ट - हिनू, जिला - राँची, झारखण्ड - 834002
अनुबंध-सी

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना ''अनुबंध-IV-ए (अधिनियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान देखें)

सिक्युरिटी इंटेरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के अंतर्गत 6 (2) एवं 8 (6) की धारा के साथ पठित प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय सम्पत्तियों की प्रतिभूमिकरण और पूर्णगठन एवं सिक्युरिटी इंटेरेस्ट अधिनियम 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना. आम लोगों को तथा विशेष रूप से भाग लेने वाले और प्रत्याभूति दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित प्रतिभूति के पास गिरवी है उसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित प्रतिभूति, द्वारा ले लिया गया है, उसे अधोवर्णित खाताओं की वसूली हेतु **''जहाँ है, जैसा है, जो कुछ भी है, जो भी वहाँ है के आधार पर''** बेचा जायेगा। ऋणी / यों / बंधककर्ता/ओं / जमानतदार/रों / सुरक्षित सम्पत्ति/यों / बकायों / सुरक्षित मूल्य /ई-नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	यदि कोई ज्ञात बाधा हो तो उसके विवरण सहित अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण	यदि कोई ज्ञात बाधा हो तो उसके विवरण सहित चल / अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण	कुल बकाया / ई-नीलामी की तारीख और समय / प्रारंभ समय से अंत समय	सुरक्षित मूल्य / ईएमडी जमा / बोली बृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1.	आवेदक: **श्री गुरप्रीत सिंह सलुजा सुपुत्र श्री चरणजीत सिंह** C/o बोल्ला साहु, अमन जीन्स सेंटर, होल्डिंग संख्या 974, अपर चुटिया, पावर हाउस के समीप, हनुमान मंदिर के समीप, राँची जी.पी.ओ., राँची-834001 सह-आवेदक: **श्री अमन प्रीत सिंह, सुपुत्र श्री चरणजीत सिंह,** C/o बोल्ला साहु, अमन जीन्स सेंटर, होल्डिंग संख्या 974, अपर चुटिया, पावर हाउस के समीप, हनुमान मंदिर के समीप,राँची जी.पी.ओ., राँची-834001 सह-आवेदक: **श्रीमती रंजीत कौर सलुजा, पत्नी श्री चरणजीत सिंह,** C/o बोल्ला साहु, अमन जीन्स सेंटर, होल्डिंग संख्या 974, अपर चुटिया, पावर हाउस के समीप, हनुमान मंदिर के समीप, राँची जी.पी.ओ., राँची-834001 जमानतदार: **श्री अमरजीत सिंह, सुपुत्र श्री महेन्द्र सिंह,** राजधानी अपार्टमेंट, फ्लेट संख्या ए2, रातु रोड, पिस्का मोड़ (निलांचल कोठी कम्पाउंड) गुरूद्वारा के समीप, हेहल, राँची - 834005	अचल संपत्ति जिसका सभी अंश एवं भाग जिसका फ्लैट संख्या ए 301, तृतीय तल पर, कारपेट एरिया 1121 वर्गफुट तथा सुपर बिल्ट-अप एरिया 1690 वर्गफुट, तथा भवन के बेसमेंट में एक कार पार्किंग स्थान, जो ''फुलचंद गार्डेनिया'' नामक भवन के ब्लॉक-ए में स्थित है जिसका खाता संख्या 90, प्लॉट संख्या 644, 645 एवं 646, ग्राम - सिरोम, थाना - चुटिया, थाना संख्या 210, जिला - रांची, होल्डिंग संख्या 960/ए, नया होल्डिंग संख्या 014000187800Oए2, वार्ड संख्या 14, रांची नगर निगम, रांची में स्थित है जो श्रीमती रंजीत कौर सलुजा, पत्नी श्री चरनजीत सिंह के नाम पर दर्ज है। **जिसकी चौहद्दी निम्न प्रकार है: उत्तर** - खुला आकाश, **दक्षिण** - खुला आकाश, **पूरब** - खुला आकाश, **पश्चिम** - फ्लेट संख्या ए-302 एवं लॉबी.	**Rs. 52,34,447.76/-** (रूपये बावन लाख चौंतीस हजार चार सौ सैंतालीस एवं पैसे छिहत्तर मात्र) + ब्याज एवं शुल्क दिनांक 30.09.2025 से **दिनांक 10.12.2026 दोपहर 01:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक**	Rs. 52,67,000.00 Rs. 5,27,000.00 Rs. 50,000.00	प्रतिकात्मक कब्जा 09.12.2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

विक्रय की सभी शर्तें एवं दशाएं के लिए कृपया हमारे वेबसाईट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **https://baanknet.com** पर जायें / देखें। साथ ही प्रस्तावित बोलीकर्त्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल सं **7542032144** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 20.11.2026, स्थान : राँची **नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।** **ह0/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- 72, वर्ष 2026-27)

पत्रांक 3028/जि0प0 दिनांक 19.11.2026

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण